न्यायालय श्रीमान् अध्यक्ष महोदय राजस्व मण्डल म0प्र0 ग्वालियर

दिवाकर त्रिपाठी (एड) रीवा
10/09/14 को

क्लर्क ऑफ कोर्ट
राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

20 Rs. COURT FEE 20 रु. भारत INDIA बीस रुपये TWENTY RUPEES

...पित

रिव्यू 3018 - III/14

अजय कुमार द्विवेदी तनय श्री विद्या प्रसाद द्विवेदी उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम दुआरी, तहसील हुजूर, जिला रीवा म0प्र0 ————आवेदक / पुनर्विलोकनकर्ता

बनाम

1— रमाकान्त पाण्डेय तनय रामनाथ पाण्डेय उम्र 43 वर्ष, निवासी ट्रान्सपोर्ट नगर पड़रा, तहसील हुजूर, जिला रीवा म0प्र0

2— नागेन्द्र प्रताप सिंह तनय श्री सम्पत सिंह उम्र 52 वर्ष, निवासी दीनदयाल धमा कालोनी पड़रा रीवा, जिला रीवा म0प्र0 ————अनावेदकगण

पुनर्विलोकन हेतु आवेदन पत्र बावत् निगरानी प्रकरण क0–2696 / III / 2014 में पारित आदेश दिनांक 22.08.2014

अन्तर्गत धारा 51 म0प्र0भू0राजस्व संहिता 1959।

दिवाकर त्रिपाठी (एडवोकेट) रीवा

प्रकरण के तथ्य

यह कि अन्य के अतिरिक्त आराजी नं0–324 / 1, 324 / 2 जिसका मूल नं0–324 रकवा 1.73 एकड़ स्थित ग्राम दुआरी पटवारी हल्का दुआरी तहसील हुजूर, जिला रीवा म0प्र0 में से आवेदक को जरिये बटवारा 0.87 एकड़ यानि 0.353हे0 आवेदक को हिस्से में प्राप्त हुआ था, व इसी प्रकार अनावेदकगण के पूर्व भूमिस्वामी विजय कुमार द्विवेदी को 0.86 ए. यानि 0.347 हे. भूमि प्राप्त हुई थी, और विजय कुमार द्विवेदी द्वारा ही भूमि अनावेदकगणों को तीन किता में सम्पूर्ण रकवा बिकी किया जा चुका है, और अनावेदकगण के नाम उक्त तीनों किता आराजी नं0–324 / 2, 324 / 3, एवं 324 / 4 के रूप में दर्ज अभिलेख है, और अनावेदकगण द्वारा तीनों किता आराजी नम्बर प्लाटिंग करते हुये तमाम लोगों को सम्पूर्ण रकवा विकय किया जा चुका है, और आराजी नं0–324 / 2 के रूप में 0.059हे रकवा आज दिनांक को अनावेदक क0–01 के नाम जो कि प्लाट धारियों के लिए रास्ते के रूप में दी गई है अनावेदक क0–01 के नाम दर्ज है, और वर्तमान समय मे अनावेदकगण की एक इंच भी भूमि खाली नही है, केवल

XXXIX(a)-BR(H)-11 अजा/रमाकांत

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश-ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण क्रमांक निगु. 3018-III/14 ..... जिला रीवा

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
12-2-16	प्रकरण कोर्ट III से प्राप्त। आवेदक अभि० को सूचना दी जावे। प्रकरण ग्राह्यता पर तर्क हेतु। पेशी 5-4-16	
	आवेदक अभि० को सूचना दी जावे प्रकरण ग्राह्यता हेतु। पेशी 5-7-16	
9/6/16	प्रकरण आज लिया गया। आवेदक अभि० धर्मेन्द्र चतुर्वेदी उपस्थित। आवेदक अभि० ने प्रकरण आगे संचालित न करने का अनुरोध किया। आवेदक का अनुरोध स्वीकार करते हुये प्रकरण नॉट प्रेस में समाप्त किया जाता है। प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो	Not Press 9/6/16

[कृ. प. उ.